राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2023/ 519 दिनांक : 9/6/2023

मुख्य परीक्षा-2023 के पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र भरने सम्बन्धी दिशा-निर्देश

राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय मुख्य परीक्षा-2023 के पुनर्मूल्यांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र निम्नानुसार भरे जायेंगे :

1. समस्त स्नातक (पास/ऑनर्स कोर्स) एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं हेतु पुनर्मूल्यांकन आवेदन-पत्र ऑनलाईन विश्वविद्यालय परीक्षा कार्य की वेबसाईट **www.univindia.org** द्वारा भरे जाएंगे।
2. परीक्षार्थी 50 प्रतिशत प्रश्न-पत्रों में पुनर्मूल्यांकन करवा सकता है।
3. **पुनर्मूल्यांकन ऑनलाईन आवेदन शुल्क निम्न प्रकार देय होगा :**
   i. नियमित छात्रों के लिए रूपये 430/- प्रति प्रश्न-पत्र देय होगा।
   ii. स्वयंपाठी छात्रों के लिए रूपये 430/- प्रति प्रश्न-पत्र तथा प्रोसेसिंग शुल्क रूपये 100/- देय होगा।
4. **अन्तिम तिथि** - विश्वविद्यालय द्वारा मुख्य परीक्षा परिणाम जारी होने की तिथि से 15 दिवस तक ही पुनर्मूल्यांकन आवेदन किया जा सकता है। इसके पश्चात सम्बन्धित परीक्षा की वेबसाईट स्वतः बन्द हो जाएगी।
5. **आवेदन पत्र भरने एवं शुल्क जमा कराने की प्रक्रिया** - परीक्षार्थियों का निर्धारित परीक्षा शुल्क आईसीआईसीआई बैंक के माध्यम से जमा कराना होगा। परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा फार्म की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :
   i. सर्वप्रथम छात्र **www.univindia.org** वेबसाईट पर जाकर अपनी परीक्षा से सम्बन्धित ऑनलाईन पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र मुख्य परीक्षा के अनुक्रमांक से भरेंगे।
   ii. परीक्षार्थी पुनर्मूल्यांकन परीक्षा का निर्धारित परीक्षा शुल्क आईसीआईसीआई बैंक में क्रेडिट, डेबिट कार्ड एवं नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा करवा सकते है, तत्पश्चात् आवेदन पत्र का दो प्रतियों में प्रिंट प्राप्त कर ले। पुनर्मूल्यांकन आवेदन फार्म की दोनों प्रतियां एवं शुल्क जमा कराने की रसीद अपने पास सुरक्षित रखें।
   iii. एक बार शुल्क जमा होने के पश्चात् किसी भी स्थिति में शुल्क वापस नहीं होगा।

नोट : सूचित किया जाता है कि पुनर्मूल्यांकन आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी विश्वविद्यालय में जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है। परीक्षार्थी आवेदन पत्र की हार्डकॉपी अपने पास सुरक्षित रखे तथा विश्वविद्यालय द्वारा मांगने पर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करनी होगी।

परीक्षा नियंत्रक
दिनांक : 9/6/23

क्रमांक : राऋभमवि/अल/परीक्षा/2023/ 520-24

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-

1. कुलसचिव।
2. वित्त नियंत्रक।
3. सहायक कुलसचिव।
4. निजी सहायक, माननीय कुलपति महोदय।
5. सम्बन्धित फर्म परीक्षा-2023

परीक्षा नियंत्रक